Ambala News: चार ब्रांड के 630 लीटर सीलबंद नकली देसी घी के डिब्बों से भरी गाड़ी पकड़ी

अंबाला शहर, जागरण संवाददाता । चार ब्रांडेड कंपनियों के 630 सीलबंद नकली देसी घी के डिब्बों सहित सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार को एक गाड़ी को धर दबोचा। शहर के अग्रसेन चौक पर सीएम फ्लाइंग टीम और शहर थाना पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान नोवा कंपनी के फील्ड अधिकारी मनीष और फील्ड मैनेजर चंद्रशेखर भी मौके पर ही मौजूद रहे।

टीम ने इस दौरान गाड़ी चालक राकेश कुमार को भी धरदबोचा। राकेश होली चाइल्ड स्कूल डोगरा गेट बल्लू पीर के पास रहता है। इस मामले में शहर थाना पुलिस ने कैथल के दो सगे भाइयों संजीव गर्ग और चिराग गर्ग जोकि बलराज नगर उद्योग मार्ग कैथल के स्थायी निवासी हैं पर कॉपीराइट एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Source: https://www.jagran.com/haryana/ambala-ambala-news-a-vehicle-carrying-630-liters-of-sealed-spurious-desi-ghee-of-four-brands-was-caught-23351513.html